निबंधन संख्या - 927/08-09 दूरभाष :: 0651-3512271, 2251008

# विद्या विकास समिति, झारखण्ड

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)

शुक्ला कॉलोनी, हिनू, पत्रा.-डोरण्डा, राँची - 834002

**E-mail** - vvs.jharkhand@yahoo.com, vvs.jharkhand@gmail.com **Web** - http://www.vvsjharkhand.org.in

पत्रक क्र. : 19/2022-23 (आश्विन कृष्ण 05 वि. सं. 2079 युगाब्द 5124) दिनांक : 15/09/2022

मान्यवर/मान्या,

सादर नमस्कार।

विभिन्न पत्रकों के माध्यम कुछ सूचनाएँ प्रेषित की गई थी। उन्हें स्मरनार्थ पुनः प्रेषित है।

## 1. प्रांतीय संस्कृति महोत्सव एवं संस्कृत तथा अंग्रेजी प्रश्नमंच प्रतियोगिता

यह प्रतियोगिता भी 19 एवं 20 सितंबर, 2022 को पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, चाईबासा, पश्चिमी सिंहभूम में होगी। व्यवस्था शुल्क ₹400/- तथा पंजीयन शुल्क (केवल प्रतिभागी भैया-बहनों का) ₹100/- अर्थात् कुल ₹500/- (पाँच सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। संरक्षक आचार्य का पंजीयन शुल्क नहीं लगता है। शेष सूचना प्रांतीय विषय प्रमुख जी से प्राप्त करें। विभाग स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी दल ही प्रांतीय प्रतियोगिता में सम्मिलिति कर सकेगी। शेष सूचनाएँ पूर्ववत् वार्षिक कार्ययोजना के आधार पर ही है।

## 2. प्रांतीय विज्ञान, वैदिक गणित एवं संगणक प्रश्नमंच प्रतियोगिता

यह प्रतियोगिता 19 एवं 20 सितंबर, 2022 को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सरायकेला में था। अब यह **बलदेवदास संतलाल चैरिटी ट्रस्ट सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, मुसाबनी, पूर्वी सिंहभूम** में होगी। व्यवस्था शुल्क ₹400/- तथा पंजीयन शुल्क (केवल प्रतिभागी भैया-बहनों का) ₹100/- अर्थात् कुल ₹500/- (पाँच सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। संरक्षक आचार्य का पंजीयन शुल्क नहीं लगता है। शेष सूचना प्रांतीय विषय प्रमुख जी से प्राप्त करें। विभाग स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी दल ही प्रांतीय प्रतियोगिता में सम्मिलिति कर सकेगी।

## 3. प्रांतीय प्रधानाचार्य बैठक - श्रेणी C एवं D के विद्यालय

'सी' एवं 'डी' श्रेणी के प्रधानाचार्य एवं प्रभारी प्रधानाचार्य (प्रांत द्वारा घोषित) के लिए आयोजित बैठक 21 एवं 22 सितंबर, 2022 को ही बिन्देश्वरी लाल साहु सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रायडीह, गुमला में आयोजित है। प्रातः 10:00 बजे से बैठक प्रारंभ होगी। जिन्हें प्रथम दिवस 10:00 बजे से पूर्व आने में कठिनाई हो तो वे सूचना देकर पूर्व संध्या पहूँच सकते हैं। राँची आई.टी.आई. से भरनो, सिसई होते हुए गुमला महावीर चौक (पटेल चौक) उतरकर ऑटोरिक्शा से 'भलमंडा, रायडीह' जसपुर रोड में जाना है। प्रधानाचार्य जी अपने साथ निम्नलिखित सामग्री/साहित्य साथ लाएँ।

1. (क) अपनी पाठ योजना (प्रधानाचार्य की)।
   (ख) प्रधानाचार्य की निरीक्षण पुस्तिका (प्रतिदिन कक्षा निरीक्षण कर जो लिखते है, निरीक्षण पुस्तिका)।
2. अप्रैल'22 से जुलाई'22 तक का मासिक तलपट।
3. विद्यालय की कार्ययोजना।
4. वार्षिक उपलब्धि बिन्दु प्राप्ति में किए गए प्रयास।
5. स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव से संबंधित वृत्त।
6. पूर्व छात्रों का पंजीकरण इस सत्र में कितना हुआ।
7. अंकेक्षण प्रतिवेदन सत्र 2021-22 का।
8. दीप प्रज्वलन हेतु बुलाए जाने वाले महानुभावों की सूची
9. आपने किस क्षेत्र में अपने को Up-to-date एवं Upgrade किया।
10. संकुल से सहयोग क्या, किसको और कितना हुआ ?

11. परीक्षा परिणाम पर चर्चा होगी, अतः परीक्षा परिणाम CBSE/JAC बोर्ड का साथ लायें।
12. संस्कृति ज्ञान परीक्षा - अपने भैया-बहन एवं वाह्य भैया-बहन तथा अभिभावकों की सम्मिलिति। संख्या लावें।
13. नवीन नामांकन कितना हुआ।
14. क्या 30 सितंबर 2019 को जो संख्या थी। उसमें (क) वृद्धि हुई, (ख) बराबर हो गई, (ग) कमी हुई है?
15. शताब्दी विस्तारक निकालने की चर्चा हुई हो, स्वीकृति हुई हो तो लिखित लावें।
16. हमारा लक्ष्य एवं हमारी प्रतिज्ञा (अंग्रेजी एवं हिन्दी), हमारी संकल्पना तो स्मरण होगा ही, वंदना तो कंठस्थ ही है।
17. कुछ लिखित कार्य भी होंगे।
18. मौसम के अनुसार ओढ़ने एवं पहनने का वस्त्र लेकर आएँ।

**आलोक - विद्यालय श्रेणी का नवीन पत्रक प्रेषित है, इसी अनुरूप बैठक में आएँगे।**

## 4. प्रांतीय विज्ञान एवं गणित मेला

गणित एवं विज्ञान विषयक प्रदर्श, प्रयोग एवं पत्रवाचन की प्रतियोगिता 23 से 25 सितंबर, 2022 तक सरस्वती विद्या मंदिर, भूलीनगर, धनबाद में होगी। व्यवस्था शुल्क ₹600/- तथा पंजीयन शुल्क (केवल प्रतिभागी भैया-बहनों का) ₹100/- अर्थात् कुल ₹700/- (सात सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। संरक्षक आचार्य का पंजीयन शुल्क नहीं लगता है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व पहुँचना एवं तृतीय दिवस दोपहर भोजन पश्चात प्रस्थान निर्धारित है। अखिल भारतीय नियमावली के आधार पर ही यह प्रतियोगिता आयोजित होगी।

## 5. प्रांतीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स)

यह समारोह बाल, किशोर एवं तरुण वर्ग हेतु 27 से 30 सितंबर, 2022 तक सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, डी.एस.पी. रोड, गुमला में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क ₹800/- तथा पंजीयन शुल्क (केवल प्रतिभागी भैया-बहनों का) ₹100/- अर्थात् कुल ₹900/- (नौ सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। संरक्षक आचार्य का पंजीयन शुल्क नहीं लगता है। शेष सूचनाएँ खेलकूद पत्रक के आधार पर अनुशरण करें।

## 6. प्रांतीय कार्यक्रमों में सम्मिलित भैया/बहन, आचार्य/दीदीजी के आवश्यक निर्देश

किसी भी प्रतियोगिता में भैया/बहनों एवं उनके मार्गदर्शक आचार्यों को भेजने से पूर्व कतिपय सूचना देकर भेजें। प्रदत्त सूचनाओं का अनुपालन आवश्यक ही अनिवार्य है।

* मार्गदर्शक आचार्य जी अपने भैया-बहनों के साथ ही रहे। प्रतियोगिता स्थल पर यथा समय उपस्थित करें।
* भैया-बहन एवं मार्गदर्शक आचार्य जी को समारोह गीत/वार्षिक गीत, प्रातः स्मरण, एकात्मता स्तोत्र, एकात्मता मंत्र, भोजन मंत्र याद रहे।
* भैया-बहन एवं आचार्य/दीदी जी मर्यादित वेश में रहें। उद्घाटन एवं समापन में शुभ्रवेश तथा प्रतियोगिता में भाग लेते समय विद्यालय वेश में रहें।
* कार्यक्रमों में आचार्य/दीदीजी भैया/बहन मोबाईल का उपयोग नहीं करें।
* प्रतियोगिता स्थल पर प्राप्त सूचनाओं का पालन करें।
* जिस कमरे में ठहरेंगे उसमें स्थित बल्ब, पंखा, स्वीच-बोर्ड, प्रदर्शन-पट्ट, श्याम/श्वेत पट, स्मार्ट क्लास की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।
* अनावश्यक शोर नहीं करेंगे।
* पुरस्कार प्राप्त करने के समय भी विद्यालय वेश में ही भैया-बहन एवं आचार्य/दीदीजी पुरस्कार प्राप्त करेंगे।
* थाली में जूठन नहीं छोड़ेगें, थोड़ा-थोड़ा बार-बार लेंगे।
* जल का सदुपयोग करेंगे।
* उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए प्रसन्न रहेंगे।
* प्रतियोगिता संपन्न होने के पश्चात एक स्थान पर अनुशासित रहेगें।

* मार्गदर्शक/संरक्षक आचार्य जी को विशेष निर्देश दें कि बच्चों को भूल कर हर समय मोबाईल में लगे न रहें।

* मौसम के अनुसार ओढ़ने एवं पहनने का वस्त्र लेकर आएँ।

## 7. क्षेत्रीय एवं अखिल भारतीय कार्यक्रमों की सूचना

क. क्षेत्रीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स), किशनगंज, दिनांक- 12 से 14 अक्टूबर, 2022

ख. क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव, मधुपुर, दिनांक- 15, 16 अक्टूबर, 2022

ग. क्षेत्रीय विज्ञान मेला, औरंगाबाद, दिनांक-19 से 21 अक्टूबर, 2022

घ. अखिल भारतीय गणित विज्ञान मेला, भोपाल, दिनांक-02 से 06 नवंबर, 2022

ङ. अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव, प्रयागराज, दिनांक-11 से 13 नवंबर, 2022

च. अखिल भारतीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स), कुरुक्षेत्र, दिनांक 19 से 23 नवंबर, 2022

**आलोक** :- विशेष सूचना क्षेत्रीय एवं अखिल भारतीय पत्रक के माध्यम से प्राप्त करें।

पत्रिका के अभिलेख एवं फोटोग्राफ विद्या विकास समिति के दूसरे ई-मेल Gmail एकाउंट vvs.jharkhand@gmail.com में भेजें।

पहला ई-मेल Yahoo एकाउंट vvs.jharkhand@yahoo.com केवल पत्राचार आदि के लिए प्रयोग में रखें।

**पत्रक को समिति मध्य एवं आचार्यों के मध्य सुनाने की व्यवस्था शीघ्र बनानी चाहिए। मासांत की प्रतिक्षा न करें।**

**दुर्गा पूजा, दीपावली, भाईदूज, छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ।**
**सबका मंगल हो। तत्रस्थ सबको नमस्कार।**

॥ इतिशुभम् ॥

भवदीय

15/09/2022

**(अजय कुमार तिवारी)**
प्रदेश सचिव
विद्या विकास समिति, झारखंड